क्रम-संख्या–54(क)

रजिस्टर्ड नं0 एल0 डब्ल्यू/एन0पी0 561
लाइसेन्स नं0 डब्ल्यू0 पी0-41
(लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेंट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

प्रयागराज, सोमवार, 28 मार्च, 2022 ई0
(चैत्र 7, 1944 शक संवत्)

कार्यालय, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या 16666/दो-प्राविधिक/विन्टनेरी/2021

प्रयागराज, दिनांक : 28 मार्च, 2022 ई0

अधिसूचना

सा0प0नि0–17

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या–4 सन् 1910) की धारा 41 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश गजट अधिसूचना संख्या 7470/दो–931, दिनांक 15 जून, 1961 में यथा प्रकाशित द्राक्षासवनी चलाने के लिये लाइसेंसों से सम्बन्धित नियमावली में संशोधन करने के उद्देश्य से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2022

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ

1. (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2022 कही जायेगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम 2 का संशोधन

2. उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी नियमावली, 1961 जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–2 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
2. Definitions- In these rules, unless there is anything repugnent in the subject or context-	2. परिभाषायें– जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो इस नियमावली में–
(a)" Excise Year" means the period from April one to March thirty-one following;	(क) ''आबकारी वर्ष'' का तात्पर्य 01 अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी 31 मार्च को समाप्त होने वाली अवधि से है;
(b)"Fortification" means the addition of brandy or some neutral spirit to wine or to the must, for preventing wine from turning sour;	(ख) ''फोर्टिफिकेशन'' का तात्पर्य वाइन या मस्ट में, उन्हें खट्टा होने से बचाने के लिये ब्रांडी या कोई उदासीन स्प्रिट मिलाने से है;
(c)"Lees" means the residue left on straining off wine after completion of the process of fermentation;	(ग) ''लीज'' का तात्पर्य किण्वन प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात वाइन के निचोड़ने पर बचे अवशेष से है;
(d) “Must” means the juice of crushed grapes as expressed for wine- making before fermentation thereof and includes the juice of pulp of any other fruit for production of wine;	(घ) "मस्ट" का तात्पर्य किण्वन से पूर्व वाइन बनाने के लिये फूलों, सब्जियों, गैर–स्वापक (गैर–मनः प्रभावी) जड़ी बूटियों के रस या गूदों और कुचले अंगूरों के रस अथवा गूदे से है और जिसमें वाइन के उत्पादन के लिए किसी अन्य फल का रस एवं गूदा भी सम्मिलित है।
(e) " Vintner" means a person licensed to work a wine-manufactory;	(ङ) "प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्य द्राक्षासवनी में पर्यवेक्षण कार्य के लिए आबकारी आयुक्त द्वारा इस रूप में नियुक्त आबकारी निरीक्षक अथवा सम्बन्धित निवारक सर्किल के प्रभारी आबकारी निरीक्षक से है।
(f) " Vintnery" means a wine-manufactory;	(च) ''द्राक्षासवक'' का तात्पर्य किसी वाइन निर्माणशाला चलाने के लाइसेंस धारक व्यक्ति से है;
(g) “Wine” means the product obtained on alcoholic fermentation of grape juice or pulp or juice of any other fruit, natural or fortified, the alcoholic content whereof does not exceed 42 per cent proof spirit ;	(छ) ''द्राक्षासवनी'' का तात्पर्य किसी वाइन विनिर्माणशाला से है;
(h)" Young Wine" means the fermented unmatured wines product obtained immediately after straining off the lees;	(ज) "वाइन" का तात्पर्य फूलों, सब्जियों, गैर–स्वापक (गैर–मनः प्रभावी), जड़ी बूटियों के रस या गूदे और अंगूर के रस या गूदे या किसी अन्य फल के रस या गूदे के अल्कोहल युक्त किण्वन से प्राप्त उत्पाद जो प्राकृतिक हो अथवा दृढ़ीकृत हो, जिसमें अल्कोहल युक्त अन्तर्वस्तु 24 प्रतिशत (24% वी/वी) से अधिक न हो, से है। वाइन में चीनी मधु और या पानी मिश्रित हो सकता है;
(i) " Officer-in-Charge" means the Excise Inspector appointed as such by the Collector for the purpose of supervising work in a vintnery.	(झ) ''यंग वाइन'' का तात्पर्य लीज के हटाये जाने के तत्काल बाद प्राप्त किण्वित अपरिष्कृत वाइन से है;

नियम 3 का संशोधन

3. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–3 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम 3. लाइसेन्स के लिए आवेदन पत्र – कोई व्यक्ति जो राज्य में द्राक्षासवनी स्थापित करने के लिये इच्छुक हो, वह उस जिले के जहां द्राक्षासवनी स्थापित करने का प्रस्ताव हो, कलेक्टर के माध्यम से आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश को लाइसेंस के लिये आवेदन–पत्र देगा। प्रपत्र द्राक्षासवनी–3 में आवेदन–पत्र के साथ उस भू–गृहादि का जहां द्राक्षासवनी का निर्माण किया जाय, प्लान और पूरा विवरण होगा। प्लान ट्रेसिंग कपड़े पर माप के अनुसार होगा जिसमें किण्वन तथा संग्रहण पात्रों की संख्या और पूरा विवरण तथा प्रयोग के लिये प्रस्तावित प्रत्येक पात्र की वास्तविक स्थिति तथा विवरण उल्लिखित किये जायेंगे। कलेक्टर ऐसी जांच करने जिसे वह आवश्यक समझे के पश्चात आवेदन–पत्र को अपनी सिफारिशों के साथ आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश को अग्रसारित कर देगा।	**3. लाइसेन्स के लिए आवेदन पत्र**– राज्य में द्राक्षासवनी स्थापित करने के लिये इच्छुक कोई भारत का नागरिक जिसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो और जिसका कोई अपराधिक इतिहास न हो, भारत में सम्यक रूप से पंजीकृत कोई फर्म अथवा कम्पनी जिसका स्वच्छ कीर्तिमान हो, उस जिले जहां द्राक्षासवनी स्थापित करने का प्रस्ताव हो, के कलेक्टर के माध्यम से आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश को लाइसेंस के लिये आवेदन करेगा। प्रपत्र द्राक्षासवनी–3 में आवेदन–पत्र के साथ उस भू–गृहादि का, जहां उत्पादन किया जायेगा, प्लान और पूरा विवरण होगा। उक्त प्लान का ब्लू प्रिन्ट मापमान तक खींचा जायेगा के अनुसार होगा जिसमें किण्वन तथा संग्रहण पात्रों की संख्या और पूरा विवरण तथा प्रयोग के लिये प्रस्तावित प्रत्येक पात्र की वास्तविक स्थिति तथा विवरण चिन्हित किये जायेंगे। कलेक्टर ऐसी जाँच जिसे वह आवश्यक समझें, के पश्चात आवेदन पत्र को अपनी संस्तुतियों के साथ आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश को अग्रसारित करेगा।

नियम 4 का संशोधन

4. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–4 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम 4. लाइसेंस स्वीकृति के पूर्व भू–गृहादि का निरीक्षण– (1) राज्य में वाइन के वास्तविक उपभोग और उसके निर्यात तथा पर्यवेक्षी कर्मचारी वर्ग की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुये प्रपत्र द्राक्षासवनी–3 में लाइसेंस के लिये दिया गया आवेदन–पत्र आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकार या अस्वीकार किया जायेगा।	**4. लाइसेंस स्वीकृति के पूर्व भू–गृहादि का निरीक्षण**– (1) प्रपत्र द्राक्षासवनी–3 में लाइसेंस के लिये आवेदन जिलाधिकारी के माध्यम से आबकारी आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।
(2) यदि आबकारी आयुक्त का समाधान हो जाय तो वह ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिसे राज्य सरकार आरोपित करना उचित समझे द्राक्षासवनी की स्थापना के लिये प्राधिकार देगा और संलग्न प्रपत्र द्राक्षासवनी–1 में लाइसेंस जारी करेगा। ऐसे लाइसेंस के लिये फीस 2500 रूपये (केवल पच्चीस सौ रूपये) होगी जो उस वर्ष या उसके भाग के लिये जिसके निमित्त लाइसेंस दिया जाय अग्रिम रूप से देय होगी।	(2) यदि आबकारी आयुक्त का समाधान हो जाय तो वह ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुए जिसे राज्य सरकार आरोपित करना उचित समझे द्राक्षासवनी की स्थापना के लिये प्राधिकार देगा और संलग्न प्रपत्र द्राक्षासवनी–1 में लाइसेंस जारी करेगा। ऐसे लाइसेंस के लिये फीस 2500 रूपये (केवल पच्चीस सौ रूपये) होगी जो उस वर्ष या उसके भाग के लिये जिसके निमित्त लाइसेंस दिया जाय अग्रिम रूप से देय होगी।

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(3) उपर्युक्त लाइसेंस जारी किये जाने के दिनांक से केवल एक वर्ष की अवधि के लिये विधिमान्य होगा जब तक कि अवधि विशिष्टतया न बढ़ाई जाय और ऐसी अवधि में लाइसेंसधारी द्राक्षासवनी की स्थापना हेतु अपेक्षित भूमि भवन संयंत्र मशीनरी तथा अन्य उपस्कर प्राप्त करने की व्यवस्था करेगा। इस लाइसेंस से वाइन के निर्माण के लिये लाइसेंस दिये जाने के निमित्त कोई अधिकार अथवा विशेषाधिकार प्राप्त न होगा और इसे किसी भी समय लोक हित में विखंडित किया अथवा वापस लिया जा सकेगा। जब लाइसेंस इस प्रकार विखंडित किया जाय या वापस लिया जाय तो क्षति या हानि के लिये कोई प्रतिकर देय न होगा।	(3) उपर्युक्त लाइसेंस जारी किये जाने के दिनांक से केवल एक वर्ष की अवधि के लिये विधिमान्य होगा जब तक कि अवधि विशिष्टतया न बढ़ाई जाय और ऐसी अवधि में लाइसेंसधारी द्राक्षासवनी की स्थापना हेतु अपेक्षित भूमि भवन संयंत्र मशीनरी तथा अन्य उपस्कर प्राप्त करने की व्यवस्था करेगा।

नियम 5 का संशोधन

5. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–5 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम 5. लाइसेंस स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रतिबंध– (1) सिवाय आबकारी आयुक्त के पूर्वानुमोदन से कलेक्टर द्वारा प्रपत्र द्राक्षासवनी–2 में दिये गये लाइसेंन्स के प्राधिकार और उसके निबन्धनों तथा शर्तो के अधीन रहते हुए, न तो किसी वाइन का निर्माण किया जायेगा और कोई व्यक्ति वाइन का निर्माण करने के प्रयोजनार्थ ऐसी किसी सामान, भभका, बर्तन, औजार तथा उपकरण आदि का जो भी हो, न तो प्रयोग करेगा, न उसको अपने पास और न अपने कब्जे में रखेगा।	**5. लाइसेंस मंजूरी हेतु पूर्ववर्ती शर्तें –** (1) सिवाय आबकारी आयुक्त द्वारा प्रपत्र द्राक्षासवनी–2 में दिये गये लाइसेंन्स के प्राधिकार और उसके निबन्धनों तथा शर्तो के अध्यधीन न तो किसी वाइन का निर्माण किया जायेगा और कोई व्यक्ति वाइन का निर्माण करने के प्रयोजनार्थ ऐसी किसी सामान, भभका, बर्तन, औजार तथा उपकरण आदि का जो भी हो, न तो प्रयोग करेगा, न उसको अपने पास और न अपने कब्जे में रखेगा।
(2) उप नियम (1) के अधीन लाइसेंस दिये जाने के लिये आवेदन–पत्र प्रपत्र द्राक्षासवनी–4 में होगा और जो आबकारी आयुक्त को प्रपत्र द्राक्षासवनी–1 में लाइसेंस की विधि मान्यता की अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जायगा।	(2) उप नियम (1) के अधीन लाइसेंस दिये जाने के लिये आवेदन–पत्र प्रपत्र द्राक्षासवनी–4 में होगा और जो आबकारी आयुक्त को प्रपत्र द्राक्षासवनी–1 में लाइसेंस की विधि मान्यता की अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जायेगा।
(3) प्रपत्र द्राक्षासवनी–2 में लाइसेंस दिये जाने का अनुमोदन करने के पूर्व आबकारी आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई आबकारी अधिकारी भू–गृहादि, उपकरणों किण्वन तथा संग्रहण पात्रों का निरीक्षण करेगा तथा प्रस्तुत किये गये ब्योरों से उसका मिलान करेगा और यदि ठीक पाया जाय तो प्रमाणित करेगा।	(3) प्रपत्र द्राक्षासवनी–2 में लाइसेंस दिये जाने के पूर्व आबकारी आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई आबकारी अधिकारी भू–गृहादि, उपकरणों किण्वन तथा संग्रहण पात्रों का निरीक्षण करेगा तथा प्रस्तुत किये गये ब्योरों से उसका मिलान करेगा और यदि ठीक पाया जाय तो प्रमाणित करेगा।
(4) कोई लाइसेंस तब तक नहीं दिया जायगा जब तक कि आवेदक ने–	(4) कोई लाइसेंस तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि आवेदक ने–
(क) आबकारी आयुक्त का यह समाधान न कर दिया हो कि भवन तथा संयत्र विहित विनियमों के अनुसार बनाये गये है और आग से बचाने के लिये सम्यक उपाय किये गये हैं।	(क) आबकारी आयुक्त का यह समाधान न कर दिया हो कि भवन तथा संयत्र विहित विनियमों के अनुसार बनाये गये हैं और आग से बचाने के लिये सम्यक् उपाय किये गये हैं, और

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ख) लाइसेंस की सभी शर्तो को सम्यक रूप से पूरा करने के लिये और ऐसी सभी धनराशियों का भुगतान करने के लिये जो उसके लाइसेंस के उपबन्धों के अधीन उप शुल्क, शास्ति अर्थ–दण्ड तथा कर के रूप में सरकार को देय हो जाय अथवा जिसके लिये द्राक्षासवनी विधि द्वारा अथवा नियमों द्वारा जिसमें विधि का बल हो, या किसी वचन–बंध के अधीन जो उसने किया हो देनदार हो, प्रतिभूति के रूप में 2500 रूपये (केवल पच्चीस सौ रूपये) की धनराशि सरकारी वचन–पत्रों (प्रामिसरी नोट) या समकक्ष बाजार मूल्य की अन्य सरकारी प्रतिभूतियों में जमा किये हैं। वचन–पत्र या अन्य प्रतिभूतियां जमा करते समय, जिले के जिसमें द्राक्षासवनी स्थापित की जाय, कलेक्टर को पदाभिनाम से पृष्ठांकित की जायेगी। द्राक्षासवक को उन पर प्रोद्भूत होने वाला ब्याज जैसे ही वह देय हो लेने की अनुज्ञा दी जायगी।	(ख) प्रतिभूति के रूप में 5000 रूपये (पांच हजार रूपये मात्र) की धनराशि, सावधि जमा रसीद या राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पक्ष में गिरवी न रख दिया हो,
(ग) 500 रूपये (केवल पांच सौ रूपये) की लाइसेंस फीस जमा कर दी है जो उस वर्ष या उसके भाग के निमित्त जिसके लिये लाइसेंस दिया जाय अग्रिम रूप से देय होगी।	(ग) आबकारी वर्ष या उसके भाग जिसके लिये लाइसेंस प्रदान किया गया है, हेतु अग्रिम रूप से संदेय 50,000 रूपये (पचास हजार रूपये मात्र) की लाइसेंस फीस जमा न कर दिया हो।

नियम 6 का संशोधन

6. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–6 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम 6. लाइसेंस स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने की शक्ति– लाइसेंस उस आबकारी वर्ष के लिये जिसके निमित्त वह जारी किया जाय विधिमान्य होगा और उसे प्रतिवर्ष नवीकृत कराया जायगा। आगामी आबकारी वर्ष के निमित्त लाइसेंस के नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र प्रति वर्ष कलेक्टर को 28 फरवरी या उसके पूर्व दिया जायगा। यदि संयंत्र या भवन में से किसी में कोई परिवर्तन हो तो नया नक्शा अवश्य प्रस्तुत किया जाना चाहिये। यदि कोई परिवर्तन न हो तो लाइसेंस के नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र के साथ प्रभारी अधिकारी का इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना चाहिये कि ऐसे नवीकरण के निमित्त एक वर्ष या उसके भाग के लिये 500 रूपये (केवल पांच सौ रूपये) की लाइसेंस फीस अग्रिम रूप से देय होगी।	**6. लाइसेंस स्वीकृत करने की शक्ति**– लाइसेंस उस आबकारी वर्ष के लिये जिसके निमित्त वह जारी किया जाय विधिमान्य होगा और उसे प्रतिवर्ष नवीकृत कराया जायेगा। आगामी आबकारी वर्ष के निमित्त लाइसेंस के नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र प्रति वर्ष आबकारी आयुक्त को 28 फरवरी या उसके पूर्व दिया जायेगा। यदि संयंत्र या भवन में से किसी में कोई परिवर्तन हो तो नया नक्शा अवश्य प्रस्तुत किया जाना चाहिये। यदि कोई परिवर्तन न हो तो लाइसेंस के नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र के साथ प्रभारी अधिकारी का इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना चाहिये कि ऐसे नवीकरण के निमित्त एक वर्ष या उसके भाग के लिये 50,000 रूपये (पचास हजार रूपये मात्र) की लाइसेंस फीस अग्रिम रूप से संदेय होगी।

नियम 7 का संशोधन

7. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–7 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम 7. लाइसेंस दिये जाने या उसके नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र देने के समय लाइसेंस–फीस सरकारी कोषागार में जमा की जायेगी और इस प्रकार जमा करने का प्रमाण आवेदनपत्र के साथ कलेक्टर को प्रस्तुत किया जायगा।	7. लाइसेंस दिये जाने या उसके नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र देने के समय लाइसेंस–फीस सरकारी कोषागार में ई–भुगतान के माध्यम से जमा की जायेगी और इस प्रकार जमा करने का प्रमाण आवेदन पत्र के साथ आबकारी आयुक्त को प्रस्तुत किया जायेगा।

नियम 8 का संशोधन

8. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–8 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 8. Additional licences.-The vintner shall also obtain a bottling licence in Form F.L.3 for bottling of wine produced in his vintnery and a license in Form F.L.-1 or F.L.-2 for wholesale vend for the same.	**8. अतिरिक्त लाइसेन्स**–द्राक्षासवक अपनी द्राक्षासवनी में उत्पादित वाइन को बोतलों में भरने के लिए भी प्रपत्र एफ.एल. 3 में लाइसेन्स प्राप्त करेगा।

नियम 9 का संशोधन

9. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–9 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 9. Extablishment charges of permanent staff –	**9. स्थायी कर्मचारियों के अधिष्ठान का व्यय –**
(a) The Excise Commissioner may post to a vintnery such number of Excise peons as in his opinion the needs of the vintner may require.	(1) आबकारी आयुक्त, द्राक्षासवनी में ऐसी श्रेणियों और ऐसी संख्याओं में आबकारी कर्मचारियों, जैसा वह उचित समझे को नियुक्त कर सकता है। यदि आबकारी आयुक्त द्वारा कोई आबकारी स्टाफ नियुक्त नही किया जाता है तो सम्बन्धित निवारक सर्किल का आबकारी निरीक्षक द्राक्षासवनी का प्रभारी होगा।
(b) The pay of the peons, posted to a vintnery under sub-rule (1) shall be borne by the State Government ; Provided the total amount on this account does not exceed ten per cent of the total excise duty realised on the issues of wines from the vintnery to the districts within the State. Where the total amount of the pay of the peons exceeds ten per cent of the total excise duty referred to above, the excess shall be realized from the vintners concerned.	(2) उपनियम (1) के अधीन द्राक्षासवनी में नियुक्त आबकारी स्टाफ का वेतन राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

नियम 10 का संशोधन

10. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–10 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 10. Supply of quarters and office furniture – The vinter shall provide :-	**10. कार्यालय फर्नीचर का पूर्ति कराया जाना** – द्राक्षासवक उपलब्ध करायेगा–
(a) the peons posted at the vintnery under Rule 8, rent-free quarters in the vicinity of the vintnery ; and	(क) हटा दिया गया
(b) the officer-in-charge of the vintnery, necessary accommodation in the vintnery to be used as office by him and suitable office furniture.	**(ख)** प्रभारी अधिकारी को उसके द्वारा कार्यालय प्रयोग हेतु द्राक्षासवनी के अंदर यथोचित फर्नीचर और लेखन सामग्री सहित आवश्यक वास सुविधा।

नियम 11 का संशोधन

11. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–11 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 11- Supervising Staff.- The vintnery shall, a week pior to the date on and from which wine is proposed to be manufactured intimate the collector of his intension so to do whereupon the Collector shall depute an Excise Inspector for supervising gthe intial operation of wine manufactured.	**11. पर्यवेक्षणीय कर्मचारी** – वाइन निर्माण की प्रारम्भिक प्रक्रिया प्रभारी अधिकारी को इस आशय की सूचना दिये जाने के पश्चात् सम्पादित की जायेगी। प्रभारी अधिकारी वाइन निर्माण की प्रारम्भिक प्रक्रिया के दौरान द्राक्षासवनी में उपस्थित रह सकता है।

नियम 13 का संशोधन

12. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–13 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 13- General outlay of building.-The vintnery building shall have brick walls and a roof of fire-resisting materials. It shall consist of a fermentation room, a bottling room and at least one store room for finished preparations. All the rooms shall be well-ventilated and all the windows shall be securly barred and wire netted with a net of not more than on inch mesh. Every room shall bear on the outside, aboard on which shall be legibly painted, in oil colour, the name of the room. The bottling room and store room for finished preparations shall have but one entrance each and shall be seperately locked by the officer-in-charge and the vintner.	**13. भवन का सामान्य खाका**– द्राक्षासवनी भवन में एक किण्वन कक्ष, एक बोतल भराई कक्ष और तैयार उत्पादों हेतु कम से कम एक भण्डार कक्ष होगा। सभी कक्ष समुचित रूप से हवादार होंगे और सभी खिडकियॉ सुरक्षित रूप से बन्द होने योग्य तथा पर्याप्त रूप से जालीदार होगी। प्रत्येक कक्ष के बाहर एक पट्टिका होगी जिस पर कक्ष का नाम पठनीय रूप से लिखवाया जायेगा। बोतल भराई कक्ष और तैयार उत्पादों के भण्डार कक्ष में लेकिन प्रत्येक के लिए एक प्रवेश द्वार होगा जो द्राक्षासवक द्वारा पृथक–पृथक बंद किये जायेंगे।

नियम 14 का संशोधन

13. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–14 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 14. Unauthorised alterations in building or fixtures not be made.-No additions and alterations to the vintnery or to the permanent fixtures therein shall be made without the previous sanction of the Excise Commissioner: Provided that minor additions and alterations urgently required may, on presentation of a fresh plan of the vintnery, be allowed by the Assistant Excise Commissioner concerned subject to the subsequent approval of the Excise Commissioner.	**14. भवन अथवा फिक्सचर में अनधिकृत परिवर्तनों का नहीं किया जाना**– द्राक्षासवनी अथवा इसके स्थाई फिक्सचर में आबकारी आयुक्त की पूर्वानुमति के बिना कोई परिवर्धन और परिवर्तन नहीं किया जायेगा। परन्तु यह कि संबंधित जिला आबकारी अधिकारी द्वारा द्राक्षासवनी का नया नक्शा प्रस्तुत करने पर अति आवश्यक रूप से अपेक्षित लघु परिवर्धनों और परिवर्तनों की अनुमति आबकारी आयुक्त के पश्चातवर्ती अनुमोदन के अधीन दी जा सकती है।

नियम 16 का संशोधन

14. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–16 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 16- Twenty four hours notice necessary: Extra charges for overtime work.- (a) The vintner shall not keep the vintnery open for more than eight hours on any working day, or between sunset and sunrise except with the prior permission of the officer-in-charge. (b) The vintner shall give in writing to the officer-in-chjarge at least twenty four housrs' notice of his intesnsion to keep the vintnery open for work beyond the normal eight working hours on any working day or days, stating clearly therin the operation to be carried out. Such a notice shall also be necessary for work to be done on any approved holiday. (c) The vintner shall have to pay such overtime charges for work done on an approved holiday as the Excise Commissioner may prescribe.	**16. निकाल दिया गया।**

नियम 17 का संशोधन

15. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–17 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 17-Maintenance of accounts.- The vintner shall maintain a correct account of all the materials used in the manufacture of wine, itemwise, together with the total quantity(in Imperial gallons) of the resultant liquor with its specific gravity taken by means of a glass sccharometer, in a register to be maintained by him, and signed by him which should also be signed by the officer-in-charge.	**17. लेखा का रखा जाना** – द्राक्षासवक, वाइन के निर्माण में मदवार प्रयुक्त पदार्थों के साथ–साथ परिणामिक मदिरा की कुल मात्रा (लीटर में) का शीशे के सेकेरोमीटर अथवा किसी उचित इलेक्ट्रानिक उपकरण द्वारा लिये गये विशिष्ट गुरूत्व के साथ उसके द्वारा पोषित एवं हस्ताक्षरित पंजिका में सही लेखा रखेगा जिसमें प्रभारी अधिकारी द्वारा भी हस्ताक्षर किया जाना चाहिये।

नियम 20 का संशोधन

16. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–20 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 20- Finished wine to be sealed by the officer-in-charge – The vintner shall request the Collector to direct the officer-in-charge to be present on the date of the transference of strained liquid to the storage receptacle which should be capable of being properly sealed by the officer-in-charge. The bulk and the final specific gravity of the fermented must shall be recorded after straining by the vintner in the register which will be maintained and signed by him and also by the officer-in-charge.	**20. प्रभारी अधिकारी द्वारा तैयार वाइन को सील किया जाना**– द्राक्षासवक प्रभारी आबकारी अधिकारी को, छने हुए द्रव को संग्रहण–पात्र जो प्रभारी अधिकारी द्वारा उचित तौर से सील किये जाने योग्य होने चाहियें, में स्थानान्तरित करने के, दिनांक के बारे में सूचना देगा। छाने जाने के पश्चात किण्वित मस्ट का आयतन तथा अन्तिम विशिष्ठ गुरूत्व द्राक्षासवक द्वारा अनुरक्षित रजिस्टर में अभिलिखित किया जायेगा जो उसके द्वारा और प्रभारी अधिकारी द्वारा भी हस्ताक्षरित किया जायेगा।

नियम 21 का संशोधन

17. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–21 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 21. Power of Excise Commissioner to fix alcoholic strength discretionary – The Excise Commissioner may if he deems it necessary, fix normal alcoholic strengths and allowable margins for the wines to be manufactured.	**21. अल्कोहल की तीव्रता का निर्धारण आबकारी आयुक्त का विवेकाधीन अधिकार की शक्ति**– वाइन में किसी अल्कोहल को मिश्रित किये बिना अल्कोहल प्रतिशत की सीमा 12 से 24 प्रतिशत वी/वी के बीच होगी। यदि कोई द्राक्षासवक उपरोल्लिखित सीमा से अधिक अथवा कम तीव्रता की वाइन का निर्माण करना चाहता है तो वह आबकारी आयुक्त से विशेष अनुमति प्राप्त करेगा।

नियम 22 का संशोधन

18. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–22 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 22-Samples for analysis-The officer-in-charge shall take two samples of the young wine in quart bottles in the presence of the vinter or his agent and after duly sealing the same deposit one with the Collector and send the other to the Cemical Examiner to the Government, Uttar Pradesh, Agra, for reports as to its real alcoholic strength, and as to wheter the wine is sparkling or of the other variety. The vinter shall pay the packing charges, freight and the examination fee of the samples sent to the Chemical Examiner.	**22. विश्लेषण हेतु नमूने**–प्रभारी अधिकारी, द्राक्षासवक या उसके अभिकर्ता की उपस्थिति में क्वार्ट बोतलों में यंग वाइन के दो नमूने लेगा और उन्हें सम्यक् रूप से सील करने के पश्चात् एक सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के पास जमा करेगा और दूसरे को उसकी वास्तविक अल्कोहलीय सान्द्रता, पेय होने की योग्यता और वाइन के चमकीली या अन्य प्रकार की होने, के सम्बन्ध में रिपोर्ट के लिए सम्बन्धित आबकारी प्रयोगशाला को भेजेगा। आबकारी प्रयोगशाला को भेजे गये नमूनों का पैकिंग व्यय, किराया तथा परीक्षण शुल्क द्राक्षासवक भुगतान करेगा। द्राक्षासवक अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु नमूना आहरित कर सकता है। परन्तु यह कि यदि प्रयोगशाला से, यंग वाइन का नमूना का रसीद प्राप्त कराये जाने के 7 दिन के अंदर परीक्षण रिपोर्ट नही प्राप्त होती है तो नमूने को अनुमोदित समझा जायेगा। परन्तु यह और कि द्राक्षासवनी संचालन आरंभ करने के वर्ष से 5 वर्षों के लिए रासायनिक परीक्षण हेतु शुल्क द्राक्षासवक से उद्गृहीत नही किया जायेगा।

नियम 23 का संशोधन

19. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–23 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 23- Wine to be released on being certified be the Chemical Examiner and after payment of duty – The young wine shall remain in a receptacle, sealed by the officer-in-charge and shall be released after the Chemical Examiner's report is received and the duty on the sealed wine is deposited in the headquarters treasury. The amount of duty deposited together with the number and the date of treasuty challan shall be recorded, under the signatures of the Inspector together with the date of release of the wine.	**23. आबकारी प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित किये जाने तथा प्रतिफल शुल्क के भुगतान के पश्चात वाइन का मुक्त किया जाना**– यंग वाइन, प्रभारी अधिकारी द्वारा सील किये गये पात्र में रहेगी और सम्बन्धित आबकारी प्रयोगशाला की रिपोर्ट प्राप्त होने अथवा प्रयोगशाला में नमूना प्राप्त कराये जाने के 7 दिन पश्चात, जो भी पहले हो, सील हुई वाइन पर समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा यथा विहित प्रतिफल शुल्क कोषागार में ई–भुगतान के माध्यम से जमा होने पर मुक्त कर दी जायेगी। कोषागार चालान की संख्या तथा दिनांक के साथ–साथ जमा की गयी प्रतिफल शुल्क की धनराशि वाइन को मुक्त किये जाने के दिनांक के साथ–साथ प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर के अधीन अभिलिखित की जायेगी।

नियम 24 का संशोधन

20. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–24 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 24- Rates of duty – Duty on the quantity of wine to be released shall be pqyable at the rates given against item 6 of Appendix B-II of Volume II of the Excise Manual. The quantity of the wine to be released at one time shall not be less than 5 Imperial gallons. If duty-paid brandy or any neutral spirit is added for the purpose of fortification of young wine the duty is to be levied on the bulk of the wine before such addition.	**24. प्रतिफल शुल्क की दरें** – मुक्त की जाने वाली वाइन की मात्रा पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित दरों पर प्रतिफल शुल्क तथा अथवा किसी अन्य प्रकार का प्रतिफल शुल्क संदेय होगा। परन्तु उत्तर प्रदेश राज्य में उगाये एवं उत्पादित किये गये फूलों, सब्जियों, जड़ी बूटियों जो स्वापक एवं मनः प्रभावी न हों, का प्रयोग करते हुये वाइन निर्माण के लिए द्राक्षासवक से द्राक्षासवनी का संचालन प्रारम्भ होने के वर्ष से पांच वर्षों तक कोई प्रतिफल शुल्क प्रभारित नही किया जायेगा। परन्तु यह और कि प्रदेश में कोई प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा बाढ़ अथवा अन्य कोई प्राकृतिक आपदा कच्चे माल की फसल को कुप्रभावित करते हुये घटित होने पर सम्बन्धित जिले जहां पर द्राक्षासवनी स्थापित है के जिला कलेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर अन्य राज्यों से फूलों, सब्जियों, जड़ी बूटियों जो स्वापक एवं मनः प्रभावी न हों, अंगूर और अन्य फलों का अन्य राज्यों से द्राक्षासवक आयात/ क्रय कर सकता है। परन्तु यह भी कि यदि प्रतिफल शुल्क संदत्त ब्रांडी या कोई उदासीन स्पिरिट, यंग वाइन को संवर्धित करने के लिए मिलाई जाती है तो प्रतिफल शुल्क की छूट लागू नहीं होगी।

नियम 25 का संशोधन

21. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–25 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 25- Sale to be made under F.L.1 or F.L.2 licence only – the vintner may sell his duty paid wine to wholesale vendors in the State under F.L.1 or F.L.2 licences or to retain vendors (including F.L.15) under F.L.2 licence. All such sales shall be covered by a pass in Form F.L.36 issued by the vintner.	**25. वाइन का क्रय और विक्रय**– (1) द्राक्षासवक द्वारा केवल बोतलों में भरी हुयी वाइन का विक्रय किया जायेगा। बोतलों में भरी हुयी किसी वाइन का विक्रय तब तक नही किया जायेगा जब तक कि आबकारी आयुक्त द्वारा इसका अधिकतम फुटकर मूल्य अनुमोदित न कर दिया जाय। द्राक्षासवक बोतलों में भरी हुयी वाइन का विक्रय राज्य के थोक विक्रेताओं जैसा कि उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाय, को समस्त लागू शुल्क जमा करने के पश्चात् कर सकता है। ऐसे समस्त विक्रय द्राक्षासवक द्वारा वि0म0 36 प्रपत्र में जारी किये गये पास से आच्छादित होंगेः

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	परन्तु यह कि द्राक्षासवक उत्तर प्रदेश के बाहर के व्यापारियों जो सम्बन्धित राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र के आबकारी विभाग से निर्गत विधिमान्य आयात परमिट के धारक हों, को समय–समय पर यथा संशोधित सुसंगत नियमों के अनुसार अपनी वाइन का निर्यात कर सकता है: परन्तु यह और कि द्राक्षासवक अपने द्राक्षासवनी परिसर में आबकारी वर्ष या उसके भाग हेतु जिसके लिये लाइसेंस विहित सीमा के अधीन दिया गया है, अग्रिम रूप से संदेय 50,000 रूपये (पचास हजार रूपये मात्र) की लाइसेंस फीस जमा करने के पश्चात वाइन की फुटकर बिक्री कर सकता है। भू–गृहादि पर विक्रीत वाइन के उपभोग की अनुमति द्राक्षासवक द्वारा दी जा सकेगी। द्राक्षासवनी में वाइन टैवर्न की स्थापना भी की जा सकती है जिसके लिये अग्रिम रूप से संदेय फीस 2500 रूपये (पच्चीस सौ रूपये मात्र) जमा की गयी हो जो उस आबकारी वर्ष या उसके भाग के लिये जिसके निमित्त अनुमति दी जाय जहां पर वाइन प्रेमी वाइन का स्वाद ले सकते है: परन्तु यह भी कि कोई द्राक्षासवक द्राक्षासवनी परिसर में कोई होटल नही खोल सकता है और यदि द्राक्षासवक द्राक्षासवनी परिसर के सन्निकट कोई होटल/ रेस्तरां खोलता है तो वह अपने उत्पाद को उपभोक्ताओं को नियमित बार लाइसेंस प्राप्त किये जाने के पश्चात् ही बिक्री कर सकता है। (2) मिश्रण के उद्देश्य से लकड़ी अथवा स्टेनलेस स्टील के पीपो में बल्क वाइन का राज्य के अंदर अंतर्द्राक्षासवनी स्थानान्तरण (विक्रय एवं क्रय) की अनुमति आबकारी आयुक्त द्वारा प्रदान की जा सकती है। बल्क वाइन का ऐसा प्रत्येक प्रेषण पी.डी.–25 पास के अधीन होगा।

नियम 26 का संशोधन

22. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–26 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 26- Export to be made in accordance with the condition of licences in Form F.L. 1 or F.L. 2- Duty-paid wint may be exported by the vintner from his wholesale licensed premises(F.L. 1 or F.L. 2) to other States or Union territories in India. Such exports shall be covered by a pass in Form F.L.23 issued by the vintner.	**26. निकाल दिया गया।**

नियम 28 का संशोधन

23. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–28 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 28- Bottling to be done under F.L. 3- Bottling of wine shall be carried on the wholesale premises of the vintner in accordance with the provisions of paragraph 645 of the Excise Mannual and conditions of licence in Form F.L.3	**28. बोतलों में भराई एफ.एल. 3 के अधीन किया जाना** – द्राक्षासवनी के परिसर में स्थित अलग कक्ष में वाइन की बोतलों में भराई, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश विदेशी मदिरा बोतलों में भरने की नियमावली, 1969 के अधीन आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकृत एफ.एल.3 लाइसेंस के अधीन की जायेगीः परन्तु यह और कि आबकारी आयुक्त जैसा उचित समझें, द्राक्षासवक के पक्ष में स्वीकृत किये गये एफ0एल0 3 लाइसेंस की शर्तों में शिथिलता प्रदान कर सकते हैं।

नियम 29 का संशोधन

24. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–29 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 29- Bottling account to be maintained.- The vintner shall maintain accounts of such bottling operations in the form prescribed inder condition no. 7 of the licnece in Form F.L.3.	**29. बोतल भराई का लेखा रखा जाना**– द्राक्षासवक बोतलों में भराई की ऐसी प्रक्रियाओं का लेखा समय–समय पर यथासंशेधित उत्तर प्रदेश विदेशी मदिरा बोतलों में भरने की नियमावली, 1969 के अधीन विहित प्रपत्र में रखेगा।

नियम 30 का संशोधन

25. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–30 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 30- Labelling of wine – The vintner shall not give any name to his wine which may give rise to any ambiguity or trade objection. He shall note on the labels of the containers of the wine "Made in India" and the name of his firm, the place of manufacture and the base from which the wine is manufactured	**30. वाइन पर लेबिल लगाया जाना** – द्राक्षासवक द्वारा किसी भी वाइन की फुटकर अथवा थोक बिक्री अथवा निर्यात बिना आबकारी आयुक्त से इसके ब्राण्ड एवं लेबिल का अनुमोदन प्राप्त किये, नही की जायेगीः परन्तु यह कि ब्राण्ड एवं लेबिल अनुमोदन आवेदन पत्र तभी विचारित किया जायेगा जब ई–भुगतान के माध्यम से इसकी विहित फीस कोषागार में जमा कर दी गयी हो।

नियम 31 का संशोधन

26. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–31 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 31- Liability of vintner for loss.- The vintner shall be held strictly responsible for the safe custody and accounting of all alcoholic liquid under fermentation or other processs of manufacture, and of the finished wine at the licensed premises. He shall be liable to pay double the amount of duty on any loss or discrepancy in accounts which he is unable to explain any may be held further liable to penalty not exceeding Rs. 500 at the discretion of the Excise Commissioner. *N.B.-The licensee shall maintain a daily accurate account of all transactions (including bottling) of the finished and unfinished wine.*	**31. क्षति के लिए द्राक्षासवक का दायित्व**– द्राक्षासवक को लाइसेंस परिसर में किण्वन या अन्य निर्माण की प्रक्रिया के अन्तर्गत समस्त अल्कोहलीय द्रव तथा तैयार वाइन की सुरक्षित अभिरक्षा एवं लेखा के लिये कठोरता से उत्तरदायी माना जायेगा। वह वाइन की क्षति पर आबकारी आयुक्त के विवेकानुसार एक लाख रूपये से अनधिक की शास्ति सहित देय शुल्क का भागी होगा। लाइसेन्सी तैयार तथा गैर तैयार वाइन के समस्त अंतरणों (बोतल भराई को सम्मिलित करते हुए) का सही दैनिक लेखा रखेगा।

नियम 34 का संशोधन

27. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–34 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
Rule 34- Only authorised persons to be allowed in the premises – The names of all persons engaged in the manufacture and disposal of wine shall be duly endorsed on the licence, on approval of the Collector.	**34. केवल अधिकृत व्यक्तियों को परिसर में अनुमति दिया जाना**– वाइन के विनिर्माण तथा निस्तारण में लगे हुये समस्त व्यक्तियों के नाम लाइसेन्स पर जिला आबकारी अधिकारी के अनुमोदन से उचित रूप से पृष्ठांकित किये जायेंगेः परन्तु यह कि द्राक्षासवनी के कर्मचारियों के कड़े पर्यवेक्षण के अधीन आगंतुकों को अनुमति होगी। एक पंजी भी रखा जायेगा जिसमें आगंतुकों का नाम, पता और मोबाइल नम्बर द्राक्षासवक द्वारा एक पंजिका में अभिलिखित किया जायेगा।

प्रपत्र द्राक्षासवनी–1, द्राक्षासवनी–2, द्राक्षासवनी–3 और द्राक्षासवनी–4 का संशोधन

28. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये द्राक्षासवनी–1 और द्राक्षासवनी–2, द्राक्षासवनी–3 और द्राक्षासवनी–4 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया प्रपत्र रख दिये जायेंगे, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान प्रपत्र	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रपत्र
प्रपत्र द्राक्षासवनी–1	**प्रपत्र द्राक्षासवनी–1**
(नियम 4(2) देखिये)	(नियम 4(2) देखिये)
द्राक्षासवनी स्थापित करने के लिये लाइसेंस	द्राक्षासवनी स्थापित करने के लिये लाइसेंस
लाइसेंसधारी/लाइसेंसधारियों के नाम.....	लाइसेंसधारी/लाइसेंसधारियों के नाम.....
श्री–––––––––––– निवासी/निवासियों ––––––––––––––को 2,500 रूपये (केवल दो हजार पांच सौ रूपये) की लाइसेंस फीस का भुगतान करने पर उत्तर प्रदेश विन्टनरी रूल्स, 1961 में अंतर्विष्ट उपबन्धों तथा ऐसे अन्य नियमों के अधीन रहते हुये, जिन्हें आबकारी राजस्व को सुरक्षित करने तथा वाइन के निर्माण को विनियमित करने के लिये आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा समय–समय पर बनाया जाय, ... जिले में.....पर द्राक्षासवनी की स्थापना तथा उसका निर्माण करने के लिये उसको/उनको प्राधिकृत करते हुए एतद्द्वारा लाइसेंस दिया जाता है। इसके पूर्व वर्णित किन्हीं नियमों या नीचे विनिर्दिष्ट किन्हीं शर्तों का व्यतिक्रम करने पर ऐसी अन्य शास्तियों के, जिन्हें संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम,1910 के अधीन विहित किया जाय, अतिरिक्त लाइसेंस समपहृत किया जायेगा।	श्री/श्रीमती/कुमारी––––––––––निवासी–– ––––––––––– को––––––––––(फर्म/कम्पनी इत्यादि का नाम) के लिये उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी नियमावली, 1961 (यथा संशोधित) में निहित उपबंधो तथा ऐसे अन्य नियमों जिन्हें आबकारी राजस्व को सुरक्षित करने तथा वाइन के विनिर्माण को विनियमित करने के लिये आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा समय–समय पर बनाया जाय, के अधीन रहते हुये जिला ..... में .....(स्थान का नाम)..... ..... पर द्राक्षासवनी की स्थापना तथा उसका निर्माण करने के लिये उसको/उनको प्राधिकृत करते हुए एतद्द्वारा लाइसेंस स्वीकृत किया जाता है। पूर्वोक्त नियमों में से किसी या नीचे विनिर्दिष्ट किन्हीं शर्तों का उल्लंघन, लाइसेंस के निरस्तीकरण और प्रतिभूति की जब्ती के साथ ऐसी अन्य शास्तियों को जिन्हें संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम,1910 के अधीन विहित किया जाय आकर्षित करेगा।
